डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.16 / 14 / बी.एस. / पी.एन. /

23 जून 2023

प्रेस विज्ञप्ति
साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान 2021

साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष श्री माधव कौशिक की अध्यक्षता में रवींद्र भवन, नई दिल्ली में शुक्रवार, 23 जून 2023 को आयोजित अकादेमी की कार्यकारी मंडल की बैठक में वर्ष 2021 के लिए दक्षिणी क्षेत्र से कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान के लिए प्रो. बेतवोलु रामब्रह्मम को साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान हेतु अनुमोदित किया गया।

भाषा सम्मान से सम्मानित विद्वान को साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष द्वारा बाद में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार स्वरूप 1,00,000 /– रुपए की राशि, उत्कीर्ण ताम्रफलक और प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए जाएँगे।

भाषा सम्मान विजेता का संक्षिप्त परिचय तथा निर्णायक समिति के सदस्यों के नाम, जिनके निर्णय पर भाषा सम्मान की घोषणा की गई थी, निम्नलिखित हैं :

कालजयी और मध्यकालीन साहित्य

दक्षिणी क्षेत्र (2022)
प्रो. बेतवोलु रामब्रह्मम (जन्म 10 जून 1948 को नल्लाजरला गाँव, ज़िला–पश्चिम गोदावरी) संस्कृत और तेलुगु दोनों भाषाओं के प्रख्यात विद्वान, कवि, अनुवादक, अष्टवधानी और व्याकरणविद् हैं। आपकी कविता, नाटक, कहानी, अनुवाद, साहित्यिक लेख तथा शोध पत्रों सहित 34 से अधिक कृतियाँ प्रकाशित हैं। प्रो. बेतवोलु रामब्रह्मम को कई पुरस्कारों तथा सम्मानों से विभूषित किया गया है , जिनमें साहित्य अकादेमी अनुवाद पुरस्कार, कालजयी तेलुगु राष्ट्रपति प्रमाणपत्र तथा महर्षि बदरायण व्यास सम्मान शामिल हैं।
निर्णायक मंडल के सदस्य : प्रो. के.एस. रविकुमार, प्रो. वीरेश बाडिगर तथा डॉ. मुक्तेवी भारती।

प्रकाशन / प्रसारण हेतु जारी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in